हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 21 अगस्त 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

### पत्थलगांव एसडीएम के निर्देश पर जांच करने पहुंची टीम, किसानों को किया खाद वितरण



## खबर संक्षेप

### अभ्यर्थियों को 10 तक देनी होगी उपस्थिति

जशपुरनगर। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना जशपुर द्वारा जानकारी देते हुए सूचना दी गई है कि नगर सैनिक भर्ती में जशपुर जिले के लिए चयनित 100 अभ्यर्थियों को वर्ष 2024-25 में छात्रावास ड्यूटी हेतु 10 सितम्बर तक जिला मुख्यालय कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना जशपुर में उपस्थिति देना होगा।

### जिले में 1 जून से अब तक 7778.5 मिमी वर्षा

जशपुरनगर। जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 7778.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 अगस्त तक की स्थिति में 7295.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 67.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 868.7 मिमी, मनोरा में 979.2 मिमी, कुनकुरी में 1144.9 मिमी, दुलदुला में 463.6 मिमी, फरसाबहार में 605.9 मिमी, बगीचा में 828.7 मिमी, कांसाबेल में 729.6 मिमी, पत्थलगांव में 685.6 मिमी, सन्ना में 911.5 मिमी एवं बागबहार में 560.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### आंबा भवन से टकराया बाइक सवार, मौत

अम्बिकापुर। शंकरगढ़ निवासी रोहित खाखा आ. स्व. शंकर राम (17 वर्ष) 16 अगस्त की सुबह परिजन को बिना बताए बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 1546 से अकेले घूमने निकला था। जैसे ही युवक गांव के सरगवां बस्ती पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर आंगनबाड़ी भवन से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

जशपुर रोड पुरन तालाब के आसपास की सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे से चलना हो रहा मुश्किल

# राष्ट्रीय राजमार्ग जर्जर, राहगीरों को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

पत्थलगांव शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग की 43 के खराब हालत कई दशक पुरानी बात है। जिसमें कोई सुधार हिता नहीं दिख रहा है। जशपुर रोड पुरन तालाब के आसपास की सड़क में बड़े बड़े गड्ढे से सड़कों में चलना हो रहा है। लगभग 4 मीटर की डामर की सड़क जहां से एक बार में एक वाहन ही पार हो सकते है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

दूसरे तरफ से आने वाले वाहन या बाइक राहगीरों को सड़क से नीचे उतराना पड़ता है। इन सब बातों से राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को कोई मतलब नहीं। चाहे वो पत्थलगांव शहर के ह्रदय स्थल इंदिरा चौक हो या जशपुर रोड का सड़क पूरी तरह खस्ता हाल है। बरसात के दिनों में पानी गिरा तो गड्ढे से यातायात परेशान करता है और धूप निकला तो सड़क से उड़ते हुए धूल से शहर वासी पूरी तरह से त्रस्त है। अब इन सड़क के खराब हालत को लेकर जाए तो किसके पास कहि कोई सुनने वाला नहीं।

शहर के मुकेश अग्रवाल ने बताया कि जशपुर रोड और इंदिरा चौक के पास के जर्जर सड़क से पार होना अपने आप में बड़े पहाड़ों में फतह करना जैसा टास्क है। जिसे हम शहरवासी रोजाना पूरा कर रहे है। पर विभाग सड़क जैसी जरूरी समस्या से निजात देने में पूरी तरह असमर्थ है। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के पत्थलगांव शहर के बस स्टैंड और जशपुर रोड सड़क के खस्ताहाल सडक पर कहा कि हमारे जिले से मुख्यमंत्री है पर पत्थलगांव शहर के सडकों का हाल परेशान करने वाला है। सड़क से नीचे अगर गाड़ी उतारी जाए तो नीचे और बड़े गड्ढे से हालत खराब हो जाता है। एनएच विभाग विभाग को शहर के सड़कों के गड्ढे भरने की जरूरत है। जिससे शहर वासियों को चलने में आसानी हो सके आराम से वाहन चला पाएं सड़क के गड्ढों के साथ सड़क के नीचे के गड्ढे भी भरे जाए जिससे सड़कों के खस्ताहाल से आमजनों को निजात मिल सके।

## धूप निकलते ही रास्ते पर उड़ने लगती है धूल





सड़क किनारे बने बड़े गड्ढे पर भरा बारिश पानी।

### ध्यान देना चाहिए

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को सड़क के रखरखाव पर ध्यान देना चाहिए। मैं रास्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को जशपुर रोड और बस स्टैंड के गड्डों को ठीक करने कहता हूं।

**-ऋतुराज सिंग बिसेन,** एसडीएम, पत्थलगांव

### आवागमन में परेशानी

सड़क पर गड्ढे से आम लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूप निकलते ही धूल से परेशानी बढ़ जाती है।

# ग्रामीणों की मांग पर सड़क निर्माण की मिली मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे ग्रामीणों को आखिरकार बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता और पहल पर फोटकोसेमर–सजापानी–केंदापानी से कर्राडांड होते हुए दुलदुला पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 5 करोड़ 84 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस 5 किलोमीटर लंबे मार्ग के बन जाने से विकासखंड मुख्यालय दुलदुला तक ग्रामीणों की आवाजाही आसान होगी।

- अब ग्रामीणों को आवागमन में होगी सुविधा

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से गुजरना बेहद कठिन हो जाता था। स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचने के लिए लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। सड़क निर्माण की इस स्वीकृति से न केवल राहगीरों को कीचड़ से निजात मिलेगी बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच भी सहज होगी। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित यह मांग अब पूरी हो गई है। ग्रामीणों ने बगिया स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत यह परियोजना पूरे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।ग्रामवासियों ने बताया कि इस सड़क के बन जाने से कर्राडांड, केंदापानी और आसपास के कई गांव सीधे विकासखंड मुख्यालय दुलदुला से जुड़ जाएंगे। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि कृषि उपज के परिवहन में भी आसानी होगी। किसानों को अपनी फसल उचित दामों पर बेचने में सुविधा होगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा और समय पर पूरा भी किया जाएगा ताकि लोगों को जल्द से जल्द बेहतर सड़क सुविधा मिल सके।





# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार** — सोने की अंगूठी



भारती दुबे

**द्वितीय पुरस्कार** — मिक्सर ग्राइंडर



गुलापा बाई

**तृतीय पुरस्कार** — डिनर सेट



आशा दुबे

**चतुर्थ पुरस्कार** — इलेक्ट्रिक आयरन



नीतु रानी पाल

## विशेष पुरस्कार के विजेताओं के नाम



योगिता | मनोरमा कौशिक | प्रियंका पाण्डेय | नितु कुमारी | बर्षा मोहंती

## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम

### जांजगीर जिला



प्रीति स्वर्णकार | भारती नामदेव | प्रीति यादव | चन्द्रकला राव | रूचिका सोनी
डा. अलिजा खुटे | सरोजनी साहू | सृष्टि साहू | कामीनी सोनी | प्रांची तिवारी

### रायगढ़ जिला



हेमा साहू | रानू राय | सुनीता देवी अग्रवाल | प्रांची देवांगन | शिवानी गुप्ता
अर्चना अग्रवाल | शोभा ठाकुर | उर्मिला ठाकुर | शिप्रा चतुर्वेदी | नीलम विश्वकर्मा

### कोरबा जिला



बबीता साहू | रीतू जायसवाल | नेहा तिवारी | आरती सिंह राजपूत | प्रिया साहू | ओजस्वी सपहा | गीता यादव | शीतला साहू | खुशी अग्रवाल | रोशनी सूर्यवंशी

### सरगुजा जिला



सावित्री पाण्डेय | नीतू रेलवानी | सविता श्रीवास्तव | रंजू मेहता | राशी गुप्ता
ममता मिश्रा | मेहरून नीशा | नंम्रता गोयल | संस्कृति श्रीवास्वत | पूनम यादव

### कोरिया जिला



कविता कुमार | सुमन भारती | नमीता बंसरिया | मीरा देवी | रीना कश्यप
जसीना खातुन | सुनीता देवी | प्रीति सिंह | नाजनीन खान | तसकीन खान

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी — पढ़ते रहिए हरिभूमि ...**

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन आयोग ने जिले की भारतीय स्वतंत्र पार्टी नौंगई को जारी किया नोटिस

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत अनुभाग वाड्रफनगर के नौंगई ग्राम में स्थित भारतीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष-महासचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26ए के तहत भेजा गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव जेम्स कुजूर ने बताया कि यह धारा राजनैतिक दलों के पंजीकरण और चुनावों की भागीदारी से जुड़ी है तथा भारतीय स्वतंत्र पार्टी द्वारा किये गये आवेदन के आधार पर उक्त धारा के तहत एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अभिलेख अनुसार उक्त राजनीतिक दल के किसी भी सदस्य द्वारा विगत 6 वर्षों में लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव, उप चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है एवं आयोग का मानना है कि भारतीय स्वतंत्र पार्टी उपरोक्त धारा 29ए के प्रयोजनों के लिए एक राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य करना बंद कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्वतंत्र पार्टी को पंजीकृत दलों की सूची से हटाने का प्रस्ताव रखा है। इस कार्यवाही से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उक्त पार्टी को एक अभ्यावेदन, कारण बताने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत उक्त पार्टी 23 अगस्त तक आयोग के समक्ष लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है तथा इसकी सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की गई है। इस दिन पार्टी के अध्यक्ष-महासचिव, पार्टी प्रमुख को उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित तिथि तक राजनीतिक दल से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि दल के पास इस मामले में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं करना है।

### बीईओ के नियम विरुद्ध आदेश पर भड़के जनप्रतिनिधि, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**प्रतापपुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी की विवादित कार्यशैली को लेकर आज ब्लॉक मुख्यालय में क्षेत्र के जनप्रतिधिनियो ने विरोध प्रदर्शन किया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर बीईओ को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 16 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीईओ ने विधायक प्रतापपुर की अनुशंसा पर भाजपा कार्यकर्ताओं को शासकीय स्कूलों में ध्वजारोहण करने का आदेश जारी किया था। यह आदेश पूर्णतः नियम विरुद्ध और जनप्रतिनिधियों व संस्था प्रमुखों के सम्मान के प्रतिकूल था। इस मामले में 16 अगस्त को ही कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर आज एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। धरना-प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजू श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, मासूम इराकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उनका कहना था कि बीईओ की मनमानी से न केवल शिक्षा व्यवस्था बिगड़ रही है बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं का भी अपमान हो रहा है।

### नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत लोगों को दी गई जानकारी



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बगाड़ी के स्कूल ग्राउंड में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट तथा अन्य मादक पदार्थों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी सहित अनेक गंभीर रोग से ग्रसित हो सकते हैं और नशा शरीर को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है और व्यक्ति का जीवन संकट में डाल देता है। जागरूकता कार्यक्रम में संकल्प भी लिया गया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करेंगे। इस अवसर में जिला पंचायत सभापति रवि प्रताप मराबी, जनपद सदस्य बसंती कौशिक, सरपंच हीरामणि देवी, मुकेश सांडिल्य, सचिव देवीदयाल मराबी, सुरेश यादव, रमेश यादव, मोनू आदि ग्रामीण थे।

### रैन बसेरा से चोरों ने यात्रियों के नकदी व मोबाइल किया पार

**अम्बिकापुर।** रायगढ़ अंतर्गत ग्राम कोलमी निवासी गिरधारी साहू आ. कन्हैया लाल साहू (28 वर्ष) रविवार को रिश्तेदार उमाशंकर साहू, शिव कुमार साहू व राम किशन साहू के साथ इलाहाबाद से घर लौट रहे थे। रात होने पर सभी प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में सो रहे थे। इसी बीच चोरों ने सभी के मोबाइल के अलावा उनके पास रखे नगद तीन हजार रुपए चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

रास्ते में महतारी 102 में हुआ प्रसव, जटासेमर का मामला

# गांव में नहीं बन पाई सड़क, प्रसूता को झेलगी में लेकर दो किमी चले परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

**खास बात**
- वायरल हुआ वीडियो

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच विहीनता का दंश समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। आज भी जिले में ऐसे अनेकों गांव है जहां आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं है। गांव तक पक्की सड़क नहीं होना आए दिन लोगों की परेशानी का सबब बनता है और ऐसी ही एक तस्वीर एक बार फिर से लुंड्रा विकासखंड से सामने आई है जहां प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को झेलगी में लेकर पैदल चलना पड़ा। गांव से दो किमी की दूरी तय कर परिजन एंबुलेंस तक पहुंचे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इसके पहले महतारी एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव हो गया। फिलहाल जच्चा बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम रवई जटासेमर निवासी 32 वर्षीय प्रियंका बरगाह पति सुखलाल बरगाह 9 माह की गर्भवती थी। महिला को 17 अगस्त को अचानक ही प्रसव पीड़ा शुरू हो जिसके बाद गांव की मितानिन ने एंबुलेंस को फोन किया। सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस गांव के लिए रवाना हुई लेकिन गांव से 2 किमी पहले नाले पर पुल नहीं होने और कच्ची सड़क के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाई। ऐसे में परिजन दर्द से तड़पती प्रसूता को झेलगी में लेकर अस्पताल ले लिए रवाना हुए। परिजन व मितानिन महिला को झेलगी में लेकर कच्चे रास्ते पर चलते हुए घंटों सफर करने के बाद किसी तरह महतारी 102 एंबुलेंस तक पहुंचे। हैरानी की बात तो यह है कि वर्षों बाद भी क्षेत्र में सड़कों के विकास का कार्य नहीं हो पाया है जिसका खामियाजा आए दिन क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है।



प्रसूता को झेलगी से ले जाते परिजन।

**एंबुलेंस में हुआ प्रसव**

झेलगी से प्रसूता को ढोकर किसी तरह महतारी एंबुलेंस 102 तक पहुंचे जिसके बाद महिला को धौरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में अस्पताल से लगभग 2 किमी पहले महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ गई और एंबुलेंस में ही ईएमटी और पायलेट की मदद से महिला का प्रसव कराया गया। महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद महिला और नवजात बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

**जच्चा बच्चा स्वस्थ, किया गया डिस्चार्ज**

बताया जा रहा है कि प्रसूता महिला प्रियंका बरगाह ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे का वजन सवा तीन केजी था और जच्चा-बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। यह महिला का चौथा बच्चा था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रसूता के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी और कई पर मितानिन ने भी उसके घर जाकर जांच की थी। 19 अगस्त को प्रसूता और नवजात को डिस्चार्ज कर दिया गया है और उन्हें एंबुलेंस की मदद से उनके गांव भेज दिया गया है।

**एम्बुलेंस में हुआ था प्रसव**

अस्पताल लाते समय महतारी एंबुलेंस में महिला का प्रसव हुआ था। प्रसूता और नवजात पूर्ण रूप से स्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जाती है। मंगलवार को दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया और एंबुलेंस से ही घर के लिए रवाना किया गया है।

-डॉ. राघवेंद्र चौबे
बीएमओ

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण हेतु दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शासन के मंशानुरूप मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सूरजपुर जिला निरंतर गुणवत्ता सुधार हेतु प्रयासरत है,इसे भौतिकता की धरातल पर लाने के लिए 19 अगस्त को जिला स्तर पर जिले के 241 से संकुलों के प्राचार्यों को क्रमशः दो पालियों में एक दिवसीय प्रशिक्षण राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा द्वारा किया गया,जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी संकुल प्राचार्य को संकुल अंतर्गत संचालित समस्त शालाओं के प्रमुखों को नोडल नियुक्त करते हुए 20 अगस्त को संकुल स्तर पर होने वाले सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया,उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में जोड़ दिया,प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में संभागीय आयुक्त संजय कुमार गुप्ता व सहायक संचालक अजय मिश्रा तथा जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर के प्राचार्य केसी गुप्ता द्वारा संचालित प्रशिक्षण का आकस्मिक अवलोकन किया गया,संभागीय आयुक्त संजय गुप्ता द्वारा सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण सामाजिक अंकेक्षण कार्य संपन्न किए जाने हेतु आग्रह किया गया,विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी स्तरों में प्रदान किए जाने के लिए विभिन्न संसाधनों तथा सहायक सामग्रियों के उपयोग पर जोर दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक आधारभूत कार्य योजना बनाकर शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करने के संबंध में प्रकाश डाला गया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में संतोष उपाध्याय, सत्यम बालाजी, मोहम्मद आजाद अंसारी, धर्मानंद गोजे, दिनेश कुमार साहू और आशीष पांडेय ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया,प्रशिक्षण को संपन्न बनाने में प्रशिक्षण के जिला नोडल शोभनाथ चौबे,संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय, नेल्सन बेक, पंकज सिंह एवं संतोष बाड़ा का सक्रिय योगदान रहा।

### शहर के युवा सिबतैन ने नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जीता सिल्वर मेडल

**अम्बिकापुर।** गोवा में आयोजित 19 वीं नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में शहर के युवा सिबतैन अली ने सिल्वर मेडल जीत कर शहर नाम रौशन किया है। शहर के ऑक्सीजन पार्क महामाया पारा निवासी सिबतैन अली आ.अली अहमद अंसारी ने गोवा में आयोजित 19 वीं नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भाग लिया जिसमें सिल्वर मेडल हासिल कर शहर और जिला का नाम रौशन किया है। सिबतैन के सिल्वर मेडल जीतने पर शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।




### थाना के सामने मोबाइल दुकान में चोरों का धावा, पार किया नकदी समेत मोबाइल

**दरिमा।** शहर में जहां चोर सक्रिय है वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी चोर सक्रिय हो गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले इस कदर बढ़ गए है अब उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया। बीती रात चोरों ने थाना के ठीक सामने स्थित मोबाइल दुकान में धावा बोलकर नकदी समेत मोबाइल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। दरिमा थाना के ठीक सामने चंदन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर दुकान खोला गया है।

मेंन रोड में जहां पर बीती रात चोरों ने एक बस के सहारे छत के ऊपर चढ़ गए और सेट को काटकर दुकान के अंदर दाखिल हो कर 10 नए मोबाइल के अलावा नकदी 3 हजार रूपए चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी दुकान मालिक दुकान खोला तो पता चला की दुकान में चोरी हो गया है। दुकान संचालक के मुताबिक इससे भी पहले दो बार पहले चंदन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में चोरी हो चुका है जिसका दरिमा थाना में रिपोर्ट किया गया था लेकिन आज तक पुलिस चोरों को पकड़ने में असफल रही। एक सप्ताह पहले करजी चौक में एक ही रात में दो किराना दुकान में शटर का ताला तोड़ कर चोर चोरी कर काफी समान व नगदी ले गए थे, जिसकी पुलिस अभी तक कोई सुराग नही लगा पाई है।

## प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के जिला इकाई द्वारा मोदी गारंटी के तहत विधानसभा चुनाव के पूर्व किए गए वादा को पूरा करने के लिए 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। आज बड़ी संख्या में मितानिन जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मितानिन की संख्या को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया था।

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के जिला पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी गारंटी के तहत हम लोगों से वादा किया गया था कि चुनाव जीतने के बाद मितानिन कार्यक्रम में शामिल मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, विकासखंड समन्वयक हॉस्पिटल में सहयोग कर रहे हेल्पडेस्क सभी को एनजीओ से हटकर एनएचएम में शामिल किया जाएगा। जीतने के बाद जो भी राशि इन सभी कार्य करने वालों को मिलता है उसमें 50 प्रतिशत बढ़कर दिया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद मितानिन कार्यक्रम द्वारा कई बार आवेदन निवेदन कर शासन प्रशासन को वादा याद दिलाए। परंतु आज तक कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिला। ऐसे मितानिन कार्यक्रम में सम्मिलित सभी 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है परंतु शासन प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। जिला इकाई के पदाधिकारी ने बताया कि आज 3 हजार से अधिक मितानिन आज जिला मुख्यालय में एकत्रित हुई है और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मितानिन के हड़ताल पर चले जाने से जिले में संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं।




संवैधानिक जागरूकता, शिक्षा, समाज की पहचान के लिए समाज की झंडे का विमोचन

# चेरवा समाज ने स्थापना दिवस पर किया प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

चेरवा समाज द्वारा सोमवार को स्थापना दिवस के अवसर पर मंडी प्रांगड़ में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चेरवा समाज सेवा संघ समिति के प्रांत अध्यक्ष देवनारायण चेरवा, प्रदेश सचिव लालसाय नागवंशी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान प्रकृति का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके साथ ही महापुरुषों तथा समाज के संस्थापक स्व. नंदकुमार सौंपकर के छाया चित्र में पुष्प अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में समाज प्रमुखों ने अपने अपने सुझाव और मार्गदर्शन देते हुए कहा नशा मुक्ति, साक्षरता व आर्थिक उन्नति पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही संवैधानिक जागरूकता, शिक्षा, समाज की पहचान के लिए समाज की झंडे का विमोचन भी किया गया। समाज की वरिष्ठ जनों ने बताया कि चेरवा समाज का सन 18 अगस्त 1987 को पंजीकृत किया गया था और समाज के लोगों कोई एक्टिविटी नहीं होने से समाज काफी पीछे चला गया था। अब समाज को वरिष्ठ जनों को मार्गदर्शन में आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा जिससे समाज के गरीब तपके के लोग आगे बढ़ सकेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न जिले से आये बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर में सरगुजा जिलाध्यक्ष महेंद्र सरजाल ,एमसीबी जिलाध्यक्ष सुभाष सुनपाकर, कोरिया जिलाध्यक्ष विमल चंद कराडिया, सूरजपुर शिवचरण बघेल, कोरबा अंतराम तेलाखी, रायगढ़ महीपतलाल बरुआ, राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण राम मेघनाथ चेरवा, लखन लाल चेरवा सहित हजारों की संख्या में महिला पुरूष पहुंचे थे।






## सर्व ब्राह्मण समाज के चुनाव हेतु निर्वाचन समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व ब्राह्मण समाज के जिला पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव के लिए सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 17 अगस्त को केनाबांध स्थित भगवान परशुराम स्थल में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय ने की। बैठक में निर्वाचन समिति, निर्वाचन पर्यवेक्षक समिति का गठन किया गया। सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज सचिव विकास पाण्डेय बताया कि निर्वाचन समिति का संयोजक श्रीनिवासन आयंगर को बनाया गया है जबकि सदस्य के रूप में बच्चू तिवारी, सतीश तिवारी, सतीश तिवारी एलआईसी, प्रकाशमणि त्रिपाठी, विनोद तिवारी, सुनील तिवारी, श्रीमती ज्योति द्विवेदी को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पर्यवेक्षक समिति में संयोजक आरएन अवस्थी, सदस्य सत्येंद्र तिवारी, आलोक दुबे, शिरीष मिश्रा, सुजीत चतुर्वेदी, चंद्रसेन तिवारी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्व ब्राह्मण समाज में अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के पद हेतु चुनाव होगा। निर्वाचन के लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है जबकि मतदान 12 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे से होगा। इस दौरान बैठक में श्रीमती इति चतुर्वेदी, आनंद अवस्थी, अनिल दुबे, सतीश दुबे, मनोज तिवारी, पं. महेंद्र उपाध्याय, सुरेन्द्र चौबे, संजीव पांडेय, ऋषि पांडेय, अजीत तिवारी, विश्वजीत भारद्वाज आदि मौजूद थे।




## राजमोहिनी वार्ड में निकली शानदार तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारत माता की जय के उद्घोष के साथ संत हरकेवल दास महाराज के सानिध्य में माता राजमोहिनी देवी वार्ड में मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत शानदार तिरंगा यात्रा निकाली गई।

वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता के नेतृत्व में तथा संतोष दास, रूपेश दुबे, पूर्व पार्षद रविन्द्र गुप्त भारती, संत हरकेवल बीएड कॉलेज प्राचार्य अंजन सिंह सहित विद्यार्थियों व वार्ड के लोगों की उपस्थिति में श्याम मंदिर दत्ता कॉलोनी से निकली तिरंगा यात्रा सूर्य मंदिर तालाब होते हुए नमना पावर हाउस रोड, शनि मंदिर व बनारस चौक से गुजरकर दत्ता कॉलोनी स्थित हरकेवल विद्या मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर माता राजमोहिनी देवी वार्ड के पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लंबे संघर्षों और बलिदानों के बाद हमें यह आजादी मिली है। आज हम सभी देशवासी उन्हें नमन करते हुए अपने भारत को समृद्ध, शक्तिशाली और श्रेष्ठ भारत बनाने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर प्रमोद दुबे, प्रभु नारायण, कृष्णा ठाकुर, अंकित गुप्ता, नीलेश यादव सहित बड़ी संख्या में संत हरकेवल विद्यालय तथा संत हरकेवल बीएड कॉलेज की छात्र छात्राओं व शिक्षकों सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## सूरजपुर के गांवों में लौटी सौर ऊर्जा की रोशनी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती अंचलों में अब अंधकार नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा की नई रोशनी गांव-गांव जगमगा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से जिले के ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या से राहत मिली है।

महुली ग्राम के स्कूलपारा, चौरा पारा और खास पारा में स्थापित 10-10 किलोवॉट क्षमता वाले सौर संयंत्रों की बैटरियां बदली गईं। इन संयंत्रों के शत-प्रतिशत कार्यशील होने से अब 150 से अधिक परिवारों के घरों में पूरी रात बिजली उपलब्ध है। बच्चों को पढ़ाई के लिए उजाला मिल रहा है, महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं और गांव की गतिविधियां रात तक सुचारू रूप से चल रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी के लिए ऊर्जा नीति के तहत स्पष्ट निर्देश दिए थे कि ग्रामीण अंचलों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से इसी दिशा में अब बांकी और खोड़ जैसे गांवों में भी सुधारात्मक कार्य प्रारंभ किया गया है। यहां 7 सौर संयंत्रों के लिए 372 नई बैटरियों की स्थापना की जा रही है जिससे सैकड़ों परिवार लाभान्वित होंगे। भटगांव विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग 60 लाख रुपये की लागत से इन्वर्टर और बैटरियां स्वीकृत हुई हैं। यह कार्य विशेष रूप से तमोर पिंगला अभ्यारण्य और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र जैसे दूरस्थ वनांचलों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

## लिव इन में रहते हुए युवक ने किया विवाह, परिजन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** युवक के किसी दूसरे लड़की से लिव इन में रहते हुए विवाह करने पर विवाहिता के परिजन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा तथा युवक के विरूद्ध धोखाधड़ी व साजिश रचने पर अपराध दर्ज किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में मायापुर चांदनी चौक समीप निवासी श्रीमती पुष्पा केशरी पति संतोष गुप्ता ने बेटी शालिनी गुप्ता का विवाह राजपुर निवासी राहुल केसरी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से शहर के एक शादी घर में 11 जून 2023 को हुआ। शादी के दो दिन बाद ही राहुल सहित परिवार के लोग दहेज की मांग करने के साथ प्रताड़ित करने लगे। जबकि शादी में मांग के पर अपनी क्षमता के अनुसार चार पहिया वाहन खरीदने तथा दहेज की पांच लाख रूपए 8 जून को पिता संतोष कुमार ने राहुल केशरी तथा उनके पिता दीपक कुमार केसरी को दी। पति राहुल ने मायापुर स्थित माता पिता के घर को अपने नाम कराने के लिए दबाव बनाने लगा। परिजन का आरोप है पति सहित सास, ससुर द्वारा कम दहेज देने और मायापुर स्थित मकान को राहुल के नाम नहीं करने तथा नगद 20 लाख रूपए दहेज के रूप में नहीं देने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने रायगढ़ तहसील के जुनवानी पहुंचे। सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर रवि राही और तहसीलदार शिव डनसेना उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने खेत में सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे और एप में ऑनलाइन अपडेट किए जा रहे डाटा की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं एक खेत में लगे फसल सर्वे की प्रक्रिया पूरी करते जानकारी अपडेट की। इस दौरान उन्होंने ऐप संचालन को लेकर सर्वेयर से जानकारी ली। उन्होंने सर्वेयर्स से कहा कि गंभीरता और त्रुटिरहित तरीके से सर्वे का सारा कार्य पूरा करें। उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप में दर्ज करना होता है। साथ में फोटो अपलोड करना होता है जिसके सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाएगाए इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकेगा।

### व्याख्याताओं का प्राचार्य पदोन्नति में अनियमितता

**तमनार।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग टी संवर्ग महानदी भवन नया रायपुर के आदेश से 30 अप्रैल 2025 के अंतर्गत प्राचार्य पदोन्नति सूची जारी की गई जिसमें घोर अनियमितता परिलक्षित होती है लोक शिक्षण संचलनालय द्वारा 1अप्रैल 23 की वरिष्ठता सूची के अनुसार व्याख्याताओं से गोपनीय प्रतिवेदन मंगाई गई किंतु विभाग द्वारा जारी प्राचार्य पदोन्नति सूची एल बी टी संवर्ग में वरिष्ठता सूची को दरकिनार कर 301 प्राचार्थों की चयन सूची जारी की गयी जिसमें वरिष्ठता क्रम की धज्जीयाँ उडाते हुए सरल क्रमाक 306 के बाद 80 व्ख्याताओं को पदोन्नत सूची मे नाम आ गया जबकि सरल क्रमांक 268 से 306 तक कुल 39 रायगढ़ जिले के ही व्याख्याताओं को छोड़ दिया गया उक्त विसंगति का अभ्यावेदन रायगढ़ जिले के व्याख्यातओं द्वारा 01 मई को लिखित रुप में संचालक लोक शिक्षण संचलनालय को दिया गया ततपश्चात कई बार दिया जा चुका है परंतु आज तक अभ्यावेदन का निराकरण नहीं किया गया लोक शिक्षण संचालनालय जाने पर दिनभर एक के बाद एक के पास भेजा जाता है किन्तु कोई हल नही निकलता इस तरह प्राप्त अभ्यावेदनों का बिना निराकरण किये ही पदोन्नति प्राचार्य ;टी संवर्गद्ध की काउंसलिंग सूची जारी कर 20 अगस्त 25 से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इससे साफ साफ शिक्षा विभाग की लापरवाही और अन्दरुनी बातों की ओर इशारा करता है।

### बिंजकोट में अवैध शराब पर रेड, महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए मंगलवार को ग्राम नावापाली बिंजकोट में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 15 लीटर महुआ शराब और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अमित शुक्ला को सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से महुआ शराब लेकर ग्राम लहंगापाली की ओर जा रहा है।

## कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा, कालाबाजारी रोकने होगी दुकानों पर दबिश

# पत्थलगांव एसडीएम के निर्देश पर जांच करने पहुंची टीम, किसानों को किया खाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोतबा

किसानों को हो रही यूरिया खाद की समस्या को लेकर पत्थलगांव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऋतुराज बिसेन के निर्देश पर कृषि विभाग के एसडीओ आरके पैंकरा, बागबहार नायाब तहसीलदार करण सिंह राठिया, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उर्वशी पैंकरा सहित अन्य कर्मचारियों की टीम जांच करने पहुंची। यहां अधिकारियों ने स्टॉक पंजी मिलान किया उसके साथ ही वितरित पंजी का अवलोकन कर किसानों से जानकारी ली। अधिकारियों के उपस्थिति में किसानों को खाद वितरित किया गया।

हालांकि किसानों के मांग अनुरूप उन्हें खाद नहीं मिला लेकिन जल्द ही खाद उपलब्ध कराने की बात कही। अधिकारियों के मुताबिक बीते वर्ष 11142 बोरी यूरिया खाद आबंटित हुआ था। जबकि इस वर्ष 7896 बोरी ही मिल है.इस लिहाज से 3296 बोरी आबंटन कम मिला हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जशपुर जिले में इस वर्ष एक लाख टन से अधिक यूरिया खाद का आबंटन हुआ हैं। जांच करने पहुचे अधिकारियों ने कहा कि अभी किसानों की समस्याओं के निदान के लिये कदम उठाये जा रहे है ताकि उन्हें खेती कार्य मे कोई बाधा उत्पन्न ना हो। इसके बाद कहा कि जल्द ही अधिकारियों की टीम गठित कर कालाबाजारी करने वाले जमाखोरों के दुकान और संभावित ठिकानों में दबिश देकर जांच की जायेगी.अगर उनके पास अवैधानिक रूप से कोई भी सामग्री मिलती है तो उनजे खिलाफ निसंदेह कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



**आबंटन बना रोड़ा, किसानों के मांग अनुरूप नहीं मिला खाद**

अधिकारियों के सामने किसानों ने बताया कि आज उन्हें आवश्यकता अनुसार खाद नही मिल रहा हैं। जिससे उनके पैदावार में कमी आयेगी। इस पर अधिकारियों ने समझाइश देते हुए कहा कि मांग पत्र शासन को भेजा गया था। इसके साथ ही भंडारण केंद्रों में भी खाद जमा हो गए हैं। एक दो दिनों में समस्याओं का समाधान हो जाएगा इसके लिए किसानों को भटकने की आश्यकता नहीं होगी।

### जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी घोषित

**जशपुरनगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जशपुर जिला भाजपा के पदाधिकारियों की नई सूची जारी की है। इस कार्यकारिणी में कुछ पुराने अनुभवी नेताओं को बरकरार रखते हुए बड़ी संख्या में नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन का मानना है कि यह मिश्रण अनुभव और नई ऊर्जा के साथ भाजपा को और मजबूती प्रदान करेगा। जिनमें उपेन्द्र यादव, हेमंती भगत, कपिल देव साय, रीना बरला, आनंद शर्मा, शांति भगत को नियुक्त किया गया है। महामंत्री के रूप में मुकेश शर्मा, मनीष अग्रवाल की जिम्मेदारी तय की गई है। मंत्री पद पर हिरामती पैकरा, राजकपूर भगत, संतोष सिंह, संतोष सहाय, आलोक सारथी और सुनीति भोई को स्थान मिला है। कोषाध्यक्ष नटवर मूंदड़ा होंगे तथा सह-कोषाध्यक्ष वरुण जैन बनाए गए हैं। कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी नायक मिश्रा को और सह कार्यालय मंत्री का दायित्व शरद चौरसिया को दिया गया है। जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि यह कार्यकारिणी अनुभव और नई सोच के मेल से संगठन को और गति देगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पदाधिकारी भाजपा की विचारधारा और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह एवं संगठन महामंत्री पवन साय ने भी नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ दीं ।



## एकादशी पर जगन्नाथ मंदिर में निभाई गई दीप प्रज्वलन परंपरा



**जशपुरनगर।** एकादशी पर दोकड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मंदिर में द्वीप प्रज्वलन की प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया गया।

भक्तों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा माता की आराधना करते हुए मंदिर प्रांगण को दीपों की लौ से आलोकित कर दिया। सैकड़ों दीपक जलने से पूरा मंदिर प्रांगण आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कीर्तन मंडलियों ने भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए। मधुर भजनों की स्वर लहरियों और ₹हरे कृष्ण, हरे राम₹ के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।पर्व के समापन पर भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया और इसे सामाजिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक बताया।ग्रामवासियों ने बताया कि जगन्नाथ मंदिर में एकादशी पर दीप प्रज्वलन की यह परंपरा रथ यात्रा के बाद से चली आ रही है, जिसे जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्यों ने मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और भजन मंडलियों की उपस्थिति रही।

■ भजन संध्या का आयोजन, जुटे श्रद्धालु

## बालिका का अपहरण कर किया दुष्कर्म

**जशपुरनगर।** एक अगस्त को थाना कांसाबेल क्षेत्र के एक ग्रामीण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में बिना बताए कहीं चली गई है, प्रार्थी व उनके परिजनों के द्वारा आसपास, रिश्तेदारों, सहेलियों में पता साजी किया गया, कहीं पता नहीं चला, उन्हें संदेह है कि किसी व्यक्ति के द्वारा उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा कर ले जाया गया है।

रिपोर्ट पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस के द्वारा तत्काल थाना कांसाबेल में आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला पंजीबद्ध करते हुए, जांच विवेचना में लिया गया व अपहत नाबालिग लड़की की पतासाजी की जाने लगी। इसी दौरान 18 अगस्त को पुलिस को मुखबीर व परिजनों के सहयोग तथा पुलिस की टेक्निकल टीम की मदद से पता चला कि उक्त नाबालिक लड़की, रायगढ़ जिले, के धर्मजयगढ़ क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम में आरोपी तेजराम निषाद के साथ है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जशपुर अनिल कुमार सोनी के दिशा निर्देश पर, तत्काल थाना कांसाबेल से पुलिस की टीम, धर्मजयगढ़ रवाना होकर, एक ग्राम से आरोपी तेजराम निषाद के कब्जे से नाबालिग बालिका को बरामद कर, आरोपी तेजराम को हिरासत में लेकर वापस लाया गया। पुलिस के द्वारा नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।पुलिस की पूछताछ पर बालिका ने बताया कि आरोपी तेजराम निषाद इस दौरान नाबालिग का यौन शोषण करता रहा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी तेजराम निषाद के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर मामले में, बीएनएस की धारा 64(1)(2)( ड़) व 06 पॉस्को एक्ट को जोड़ते हुए, विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



■ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल





## नशामुक्ति जन-जागरुकता कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** संस्था ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जशपुर में जिला कार्यालय समाज कल्याण एवं ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जशपुर के संयुक्त प्रयास से नशामुक्ति जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 की संख्या में हितग्राहियों ने भाग लिया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में समाज कल्याण जशपुर के कर्मचारी द्वारा जिले में संचालित 15 बिस्तरीय नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जशपुर में दी जा रही सुविधाओं के बारे में कहा कि संस्था में निःशुल्क भोजन, आवास, योग, चिकित्सीय परामर्श एवं मनोरंजन प्रदान किया जाता है। ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय के बहनों ने बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, शराब, पान-मसाल, अफीम, गांजा, चरस, कोकेन, हेरोइन, एवं ब्राउन शुगर इत्यादि चीजों से होने वाले दुष्प्रभावों पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के सहायक अधीक्षक वेदप्रकाश कुलदीप, संस्था की नीलम, रुक्मणि, संगीता, श्यामा, सूरज और नशामुक्ति केन्द्र जशपुर के संस्था संचालक प्रभाकर द्विवेदी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पशुओं के अवैध परिवहन पर राजसात किए गए 16 वाहनों की नीलामी 4 सितंबर को

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत पशुओं के अवैध परिवहन किए जाने हेतु प्रयुक्त वाहनों को जप्त कर राजसात किए गए 16 वाहनों के अपलेखन की कार्रवाई बाद खुली बोली के माध्यम से ऑफलाईन नीलामी किया जाना है। नीलामी रक्षित केन्द्र जशपुर में 4 सितंबर को प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। नीलामी प्रकिया के लिए तय किए गए शर्तो केए अनुसार 15,000 रूपए की अमानत राशि कार्यालय रक्षित केंद्र जशपुर में जमा कर रसीद प्राप्त करनी होगी। अमानत राशि नीलामी दिनांक से 2 घण्टे पूर्व तक जमा कर पावती रशीद लेनी होगी। नीलामी की कार्रवाई खुली ऑफलाईन प्रकिया के आधार पर होगी। प्रत्येक वाहन हेतु पृथक-पृथक बोली लगायी जाएगी।

### रावत समाज को केन्द्र में शामिल करने की मांग

**रायगढ़।** झेरिया यादव समाज ने राज्यभर में रावत उपनामधारी वर्ग को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर ज्ञापन अभियान चलाया। रायगढ़ समेत सभी जिलों में समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टरों को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने रावत समाज को ओबीसी की मान्यता दी है, लेकिन केंद्र सूची में नाम शामिल न होने से यह वर्ग आरक्षण और योजनाओं के लाभ से वंचित है। प्रदेश उपाध्यक्ष भगतराम यादव ने कहा कि इससे समाज शैक्षणिक और सामाजिक अवसरों में पिछड़ रहा है। वहीं राजनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू यादव ने पूर्व सरकारों पर गंभीर पहल न करने का आरोप लगाया। प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार यादव ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पहल नहीं हुई तो समाज राज्य से लेकर केंद्र तक आंदोलन करेगा। अब तक आंदोलन शांतिपूर्ण है, लेकिन समाज के नेताओं ने संकेत दिया कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो संघर्ष तेज होगा।

## दो नकाबपोशों ने शासकीय दुकान में चोरी का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोतबा

इन दिनों कोतबा नगर क्षेत्र में अज्ञात चोरों आतंक मचा रखा है। चोर कभी पालतू मवेशी तो कभी बाइक तो कभी सूनेपन का फायदा उठाकर दिन दहाड़े घर से नकदी ले उड़ रहें है। पिछले 15 दिनों से तीन से चार घटना सामने आने के बाद अभी तक पुलिस के हाथ नहीं आए हैं।

नगर के आमाटोली स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान में रात 11 बजे 2 नकाबपोश चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया दुकान से बोरी में विभिन्न किस्म के शराब की बोतलें 36 नग लेकर भाग रहे थे। सिक्योरिटी गार्ड ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल कोतबा पुलिस सहित कंपोजिट मदिरा दुकान के कर्मचारियों को बुलाया और पकड़ने की कोशिश करने से शराब छोड़कर स्कूटी लेकर भाग रहे थे। सूचना के बाद पुलिस ने काफी दूर तक पीछा भी किया लेकिन पगडंडियों का सहारा लेकर चोर स्कूटी छोड़ कर छिपाघाट जंगल की ओर भागने में सफल हुए। शराब दुकान के मैनेजर व सुपरवाइजर सचिदानंद भगत द्वारा लिखित शिकायत देते हुए चौकी में बताया कि वे रोजाना की तरह 10 बजे दुकान में ताला लगाकर अपने निवास स्थान चले गए। दुकान में सेक्योरिटी गार्ड ललित साय पैकरा था जिसने रात 11 बजकर 32 मिनट में हमें व कोतबा पुलिस चौकी को सूचित किया कि शराब दुकान में 2 अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़कर चोरी करने घुसे हुए है। चोर चोर चिल्लाने पर बोरी छोड़ स्कूटी में भागने लगे हमने व पुलिस ने पीछा किया। बीच में स्कूटी का वाइजर उखाड़ कर हमारे ऊपर हमला भी किया और पटवाजोर के रास्ते पगडंडियों का सहारा लेते हुए छिपाघाट जंगल की ओर भाग निकले। कोतबा पुलिस ने एक स्कूटी टिव्हिएस सीजी 13 बी बी 0363 को मौके से जब्त कर जांच पतासाजी में जुटी हुई है।





**रणनीति बनाई जा रही**

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रणनीति बनाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

-**बृजेश यादव**, चौकी प्रभारी

## दर्रीपारा कुटमा में पीएम जनमन आंगनबाड़ी बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को केन्द्र शासन और राज्य शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में विकास खंड बगीचा के ग्राम दर्रीपारा पारा कुटमा में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बसाहटों में नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए सर्व सुविधायुक्त पीएम जनमन आंगनबाड़ी केन्द्र बनकर तैयार हो गया है। जहां विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के बच्चें उत्साह से आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ने पहुंच रहे हैं।

जिला प्रशासन की पहल से बच्चों के लिए सर्व सुविधा युक्त पीएम जनमन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल पीएम जनमन योजना के तहत 17 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति दी गई है। इनमें बगीचा विकास खंड में 16 आंगनबाड़ी केंद्र और मनोरा विकास खंड में 1 आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल है। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के 0 से 6 वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन गर्म भोजन, स्वास्थ्य जांच, बच्चों का बौद्धिक विकास और प्रारंभिक शिक्षा का लाभ मिल रहा है।

■ छोटे बच्चों का बौद्धिक विकास व गर्म भोजन स्वास्थ्य जांच की सुविधा





**अपर सत्र न्यायालय ने ठहराया दोषी**

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरघोड़ा

अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के न्यायाधीश श्रीमान अभिषेक शर्मा ने आज हत्या के आरोपी पुलूराम कुम्हार को अपनी पत्नी सुकरी बाई की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने साथ ही मृतिका के विधिक वारिसों को क्षतिपूर्ति के रूप में 1 लाख रुपये देने की भी अनुशंसा की, जो विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे।

मामले का विवरण बताते हुए मृतिका के भाई नंदलाल कुम्हार ने कहा कि उनकी बड़ी बहन सुकरी बाई का विवाह ग्राम रूप डेगा के पुलूराम कुम्हार के साथ हुआ था। दंपति के कोई संतान नहीं थी। 17 अक्टूबर 2023 की सुबह उनके भतीजी के दामाद लोहरा कुम्हार ने मोबाइल के माध्यम से सूचना दी कि सुकरी बाई का निधन हो गया है। जब नंदलाल कुम्हार ग्राम रूप डेगा पहुँचे, तो उन्होंने अपनी बहन को खाट पर मृत पाया, जिसके चेहरे और शरीर पर मारपीट और चोट के स्पष्ट निशान थे। आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ करने पर यह पता चला कि 16 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे पुलूराम कुम्हार और उनकी पत्नी के बीच खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान पुलूराम ने अपनी पत्नी पर हाथ उठाया, जिससे उनकी मृत्यु हुई। थाना लैलूंगा में मर्ग इंटिमेशन दर्ज किया गया और भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार ने मामले की सूक्ष्मता से विवेचना की। अभियुक्त ने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त साक्ष्य जब्त किए गए।



अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया और मामले की सुनवाई के दौरान सभी अभियोजन साक्षियों के बयान दर्ज किए गए। दोनों पक्षों के वकीलों के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने पुलूराम कुम्हार को दोषी ठहराया। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने मामले में पक्ष रखा। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि मृतिका के विधिक वारिसों को उचित क्षतिपूर्ति और न्याय मिलने से ही समाज में कानून का सम्मान और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित होंगे।





